Patrika

40 thousand recruitment of teachers in Madhya Pradesh

कटनी।6 माह के भीतर प्रदेश में 40 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। 25 हजार शालाओं का उन्नयन किया जाएगा। इसमें प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल शामिल होंगी। यह घोषणा शुक्रवार को स्कूल शिक्षा मंत्री विजय शाह ने की।

स्कूल शिक्षा मंत्री विजय शाह एक दिवसीय दौरे पर कटनी आए। इस दौरान उन्होंने उमरियापान, ढीमरखेड़ा और बड़वारा का दौरा किया। स्कूलों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए मंत्री शाह ने कहा कि छह माह के भीतर प्रदेश 40 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। 25 हजार स्कूलों का उन्नयन किया जाएगा। प्रदेश में खुल रही नई स्कूलों का खर्च अब शासन उठाएंगी। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग समस्याओं का निराकरण करने के लिए ऑनलाइन सेवा की शुरुआत करने वाला है।

इसमें शिक्षक, छात्र, पालक अपनी शिकायत कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक रिश्ते में पति-पत्नी हैं। दूसरी जगह नौकरी कर रहे हैं। जल्द ही उन शिक्षकों को एक ही ब्लॉक में पदस्थ किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने जिला शिक्षाधिकारी और एसडीएम को स्कूलों की जमीन पर हुए अतिक्रमण को 30 अगस्त तक हटाने का आदेश दिए हैं। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने नेतागिरी करने वाले शिक्षकों को भी नेतागिरी नहीं करने की हिदायत दी। भष्ट शिक्षकों पर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने की शिक्षा के क्षेत्र में अब नई क्रांति आएगी।